राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
राजभवन, पटना–800022

संख्या–08/2025

प्रेस–विज्ञप्ति

राजभवन में उत्तर प्रदेश दिवस का आयोजन किया गया

पटना 25 जनवरी, 2025 :– माननीय राज्यपाल श्री आरिफ मोहम्मद खां ने राजभवन, बिहार के राजेन्द्र मंडप में 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' के तहत आयोजित उत्तर प्रदेश के स्थापना दिवस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि भारत के हर राज्य की अपनी विशेष पहचान है और हम उसका उत्सव मनाते हैं, किन्तु यही पहचान हमारी राष्ट्रीय एकता को सुदृढ़ करने का माध्यम बनती है।

उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद के अनुसार ज्ञान का उद्देश्य अपने भीतर ऐसी क्षमता पैदा करना है कि हम सामने नजर आने वाली विविधताओं के बीच छिपी हुई एकता का दर्शन कर सकें।

राज्यपाल ने कहा कि बाहर से दिखने वाली विभिन्नता वास्तविक नहीं, बल्कि सतही है। बुनियादी तौर पर भारतीय संस्कृति का आधार एकात्मता है और यह आत्मा से परिभाषित होती है। हम विविधता का उत्सव मनाते हैं ताकि यह हमारी एकता को सुदृढ़ कर सके। हमारे रीति–रिवाज, वेश–भूषा, उपासना पद्धतियाँ आदि अलग–अलग हो सकती हैं, परन्तु हम सब एक हैं। हम सबके भीतर आत्मा के रूप में परमात्मा निवास करता है और हम सब एक दूसरे से बंधे हुए हैं।

यही कारण है कि दुनिया की हमारी समकालीन संस्कृतियों के आज अवशेष मात्र बचे हैं, किन्तु विश्व में भारत की संस्कृति एकमात्र संस्कृति है जहाँ हजारों वर्षों से चले आ रहे मूल्य और आदर्श आज भी प्रासंगिक और सार्थक हैं।

भारत की विविधतापूर्ण संस्कृति हजार–दो–हजार वर्षों की नहीं, बल्कि तब से है जब बाहर से यहाँ कोई नहीं आये थे। उस समय भी यहाँ विविधता की स्वीकार्यता इसी प्रकार की थी।

राज्यपाल ने कहा कि हमें पहले भारत के विषय में सोचना चाहिए और फिर अपने राज्य के बारे में, जहाँ हमने जन्म लिया है। हमारे देश के सभी राज्यों में यही भावना है।

राज्यपाल ने इस अवसर पर भारतमाता के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में कला संस्कृति एवं युवा विभाग तथा भारतीय नृत्य कला मंदिर के सौजन्य से उत्तर प्रदेश की संस्कृति पर आधारित रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया।

कार्यक्रम को महानिदेशक, निगरानी, श्री जे०एस० गंगवार एवं जल संसाधन विभाग के प्रधान सचिव श्री संतोष कुमार मल्ल ने भी संबोधित किया।

इस अवसर पर राज्यपाल के प्रधान सचिव श्री रॉबर्ट एल० चोंग्थू, विभिन्न विश्वविद्यालयों के कुलपतिगण, बिहार में पदस्थापित उत्तर प्रदेश के पदाधिकारीगण एवं उनके परिजन, बिहार में पढ़ाई कर रहे उत्तर प्रदेश के छात्र–छात्राएँ, बिहार में रह रहे उत्तर प्रदेश के महानुभावगण तथा राज्यपाल सचिवालय के पदाधिकारीगण एवं कर्मीगण तथा अन्य लोग उपस्थित थे।

....